लापरवाही बिना लाइसेंस और हेलमेट दौड़ा रहे बाइक-स्कूटी

नाबालिगों के हाथ में रफ्तार, सड़कों पर बढ़ता खतरा

नवभारत,जबलपुर। शहर की सड़कों पर इन दिनों एक गंभीर और चिंताजनक स्थिति देखने को मिल रही है। बड़ी संख्या में नाबालिग छात्र दोपहिया वाहन चलाते नजर आ रहे हैं। स्कूल आने-जाने के दौरान कई बच्चे बिना ड्राइविंग लाइसेंस और बिना हेलमेट के तेज रफ्तार में बाइक और स्कूटी दौड़ाते दिखते हैं, जिससे सड़क सुरक्षा पर बड़ा सवाल खड़ा हो रहा है। रविवार को भी शहर के दशमेश द्वार के पास दो नाबालिग लड़के बाइक चलाते हुए देखे गए। ऐसे दृश्य अब आम होते जा रहे हैं, इस तरह की लापरवाही न केवल उनकी जान के लिए खतरा है, बल्कि सड़क पर चल रहे अन्य लोगों की सुरक्षा को भी जोखिम में डाल देती है।

अभिभावकों की ढिलाई भी जिम्मेदार

यातायात नियमों के अनुसार 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को वाहन चलाने की अनुमति नहीं है। इसके बावजूद स्कूल के छात्र बाइक और स्कूटी चलाते देखे जा सकते हैं। इस समस्या के पीछे अभिभावकों की लापरवाही भी एक बड़ा कारण मानी जा रही है। कई माता-पिता बच्चों की जिद या सुविधा के कारण उन्हें वाहन सौंप देते हैं, जिससे जोखिम और बढ़ जाता है।

पहले भी हो चुकी हैं कई दुर्घटनाएं

शहर के विभिन्न क्षेत्रों में नाबालिग चालकों की लापरवाही से कई दुर्घटनाएं सामने आ चुकी हैं। इन हादसों में न केवल नाबालिग बच्चे घायल हुए हैं, बल्कि कई राहगीरों को भी गंभीर चोटें आई हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि समय रहते इस पर सख्ती नहीं की गई, तो यह समस्या किसी बड़े हादसे का कारण बन सकती है।

25 से अधिक ई-चालान वालों को मिलेगा नोटिस

एक सप्ताह में जवाब नहीं देने पर ड्राइविंग लाइसेंस होगा निरस्त

नवभारत,जबलपुर। शहर में यातायात नियमों की अनदेखी करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपना लिया है। जिसके चलते स्मार्ट सिटी कार्पोरेशन द्वारा लगाए गए आईटीएमएस कैमरों के माध्यम से लगातार निगरानी की जा रही है और नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के ई-चालान जारी किए जा रहे हैं। प्रशासन के अनुसार कई वाहन चालक लगातार नियम तोड़ने के बाद भी शमन शुल्क जमा नहीं कर रहे हैं। इसे गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह के निर्देशन में स्मार्ट सिटी के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने ऐसे वाहन चालकों की सूची क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय (आरटीओ) को भेजी है, जिनके खिलाफ 25 या उससे अधिक बार ई-चालान जारी किए जाएंगे, आरटीओ इस सूची के आधार पर संबंधित वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर एक सप्ताह के भीतर स्पष्टीकरण मांगा जाएगा। अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि यदि नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं दिया गया या बिना उचित कारण के जवाब नहीं मिला, तो नियमानुसार ड्राइविंग लाइसेंस के निलंबन या निरस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

जनवरी में 84, फरवरी में 60 के लाइसेंस निलंबित

यातायात पुलिस के प्रस्ताव पर जनवरी माह में 84 तथा फरवरी में 60 वाहन चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस तीन माह के लिए निलंबित किए जा चुके हैं। प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे यातायात नियमों का पालन करें, ताकि दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के साथ शहर की यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

बढ़े दाम के विरोध में गैस सिलेण्डर का निकाला अर्थी जुलूस

युवक कांग्रेस ने जताया विरोध प्रदर्शन

नवभारत, जबलपुर। रविवार को युवक काँग्रेस द्वारा भाजपा की केन्द्र सरकार द्वारा गैस दाम में मूल्य वृद्धि के विरोध में गैस सिलेण्डर का प्रतीकात्मक अर्थी जुलूस निकाला गया। युवक कांग्रेस पश्चिम विधानसभा अध्यक्ष नितिन सिंह व युवा कांग्रेस नेता पं. सचिन बाजपेयी के नेतृत्व में

दो सैकड़ा से भी अधिक युवक काँग्रेस कार्यकर्ता 'मंहगाई कम करो, महिलाओं पर अत्याचार बंद करो, गैस सिलेण्डर के दाम कम करो के नारे' के साथ आनंद कुंज से गढ़ा बाजार तक पहुंचे जिस दौरान गैस सिलेण्डर का प्रतीकात्मक अर्थी जुलूस निकाला गया।

पं. सचिन बाजपेई ने जानकारी दी कि यह आन्दोलन उन पीड़ित परिवारों की आवाज है जो आज के इस दौर में मंहगाई से पीड़ित हैं। प्रदर्शन में मुख्य रूप से नितिन सिंह, पं. सचिन बाजपेई, पार्षद मनीष पटेल, शादाब मंसूरी, विवेक जैन, रूपेश मिश्रा, सुरेश ठाकुर, आलोक उपाध्याय, बंटी गुप्ता, प्रमोद पटेल, मिन्टू मिश्रा, सक्षम गोस्वामी, नितिन शिवहरे, अभिषेक पाठक, अक्षय विनोदिया, मोहित बंशकार, शक्ति चौकसे, इकरार अहमद, अभिषेक तिवारी, आशुतोष तिवारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

बहाल हुआ रेल यातायात, लाइनों को दुरुस्त कर बदले गए स्लीपर

जबलपुर, नवभारत। जबलपुर मंडल के अंतर्गत कटनी मुड़वारा से पहले बाबा घाट में बेपटरी हुई मालगाड़ी को पटरी में लाने के बाद रविवार को ट्रैक सुधारने का कार्य किया गया जिसके बाद दोनों लाइन (अप व डाउन) पर यातायात बहाल हो गया था। मालूम हो कि डाउन लाइन शनिवार की देर रात ही सही कर दी गई थी, लेकिन अप लाइन रविवार सुबह ठीक कर दी गई बताया जाता है कि बड़ी संख्या में रेलवे का अमला, जिन्हें अन्य स्टेशनों से बुलाया गया था, क्षतिग्रस्त पटरियों को सुधारने और स्लीपर बदलने के कार्य में लगातार लगा हुआ था। उल्लेखनीय है कि इस हादसे के कारण सिंगरौली और बिलासपुर रूट बुरी तरह प्रभावित रहा और गुड्स ट्रेनों को जहां ग्रेड सेपरेटर से निकाली जा रही हैं तो वहीं यात्री ट्रेनों को कटनी स्टेशन से चलाया गया था किंतु अब दोनों लाइन सही होने के बाद सभी गाडियां अपने पूर्व निर्धारित रूट से ही चलाया जायेगा।

शनिवार सुबह हुआ था हादसा

बता दे कि शनिवार की सुबह बिलासपुर से कोयला लेकर बड़ोदरा जा रही एक मालगाड़ी के पांच डिब्बे मुड़वारा स्टेशन से पहले बाबाघाट केबिन के पास पटरी से उतर गए थे। जिसके चलते सिंगरौली, बिलासपुर और बीना रेल मार्ग प्रभावित हो गया था। इसमें कटनी, सतना और जबलपुर की टीम सुधार कार्य में लगाई गई थीं तो वहीं रेलवे के बड़े अधिकारी भी मौके पर जमे हुए हैं।

जांच के लिए बनाई गई टीम

सूत्रो से मिली जानकारी अनुसार इस घटना को पमरे मुख्यालय ने भी गंभीरता से लिया है, कटनी-शहडोल रेल मार्ग माल यातायात के साथ-साथ यात्री ट्रेनों के लिए भी काफी व्यस्ततम मार्ग माना जा रहा है, इसलिए हादसे की पल पल की जानकारी पमरे प्रशासन के साथ-साथ रेलवे बोर्ड भी लेता रहा वहीं रेल संचालन बहाल करने के लिए डीआरएम सहित रेल मंडल के आला अधिकारी 24 घंटे से मौके पर ही मौजूद रहे घटना के कारणों के लिए जांच टीम गठित की जा गई है, जो कारणों का पता लगाकर जिम्मेदारों पर आरोप तय करेंगी।

जमीन बटवारे को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष, कई घायल

दुकान, वैन में तोड़फोड़ काउंटर केस दर्ज

जबलपुर। सिहोरा थाना अंतर्गत लमकना में रविवार को जमीन के बटवारे के विवाद पर दो पक्ष भिड़ गए। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक दूसरे पर हमला कर दिया। खूनी संघर्ष में दोनों पक्षों से कई लोग घायल हो गए। इस दौरान दुकान, वैन में भी तोड़फोड़ की गई। पुलिस ने काउंटर केस दर्ज कर लिया है।

पुलिस के मुताबिक रविवार को कल्पना जैन 48 वर्ष निवासी ग्राम लमकना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रविवार दोपहर लगभग 1 बजे अपने घर पर थी तभी जेठ का लड़का सचिन जैन सौरभ जैन एंव उनकी बेटी स्वेता जैन उसके घर के सामने आकर जमीन के बटवारे को लेकर वाद विवाद करने लगे, उसने कहा कि आप अपने हिस्से की जमीन कोर्ट के माध्यम से ले लो, इसी बात पर तीनों उसके हाथ मुक्कों एवं लाठी से मारपीट कर दिए। उसे एवं बेटी प्राची को चोट आ गई। बहू आशी जैन, अंकुर जैन बीच बचाव करने आयी तो दोनो के साथ भी हाथ मुक्कों से मारपीट की। घर के सामने खड़ी मारूती वेन क्रमांक एमपी 20 बीए 3341 के सामने का कांच एंव बेटी प्राची का मोबाइल तोड़ दिए। इसी प्रकार सविता जैन 52 वर्ष निवासी ग्राम लमकना ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि विजेन्द्र जैन, अंकुर जैन, आशी जैन, आकर उसके पति से बोले कि मॉ की आधा एकड़ जमीन बोये हो जिसके पैसे के लेने देन को लेकर 25 हजार रूपये मांगने लगे, उसके पति ने कहा कि मॉ को 15 हजार रूपये दे चुका है बाकि का पैसा 1-2 दिन बाद दे देगा, इसी बात पर तीनों उसे एवं उसके पति के साथ से विवाद करने लगे। पति के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट कर हाथ में चोट पहुँचा दी एवं पति का मोबाइल तोड़ दिये आशी जैन एवं अंकुर जैन ने उसके बाल पकड़कर घसीट कर हाथ मुक्कों से मारपीट कर सिर हाथ पीठ में चोट पहुँचाये, उसका बेटा सौरभ जैन, सचिन जैन, बेटी श्वेता जैन बीच बचाव करने लगे तभी सपना जैन, कल्पना जैन, प्राची वहां पर आकर हम लोगों के साथ हाथ मुक्कों से मारपीट किये जिससे सौरभ सिर, कंधा, पैर, सचिन को कंधा कमर में चोट आई। उसकी बहू रचना जैन वहां पर आयी तो अंकुर जैन एवं आशी जैन ने बहू के पेट में पैर से मारा उसकी बहू गर्भवती है, बेटी स्वेता

बढ़ेगा तापमान, गर्मी दिखायेगी तेवर

नवभारत, जबलपुर। गर्मी की दस्तक के साथ मौसम का मिजाज बदल गया है। दिन के साथ रातें गरम हो चली है। रविवार को सुबह से सूर्यदेव निकले रहे। सूरज की चमक से तपिश बढ़ गई और गर्मी का एहसास हुआ। कूलर, पंखे भी चलने लगे। मौसम विभाग की माने तो 11 मार्च तक दिन और रात के तापमान में बढ़ोत्तरी की संभावना है । इसके साथ ही गर्मी भी अपने तेवर दिखायेगी।

मौसम विभाग की माने तो एक टूफ, माध्य समुद्र तल से लगभग 0.9 किमी की ऊँचाई पर बिहार से झारखंड होते हुए दक्षिण छत्तीसगढ़ तक विस्तृत है। जम्मू-कश्मीर के ऊपर माध्य समुद्र तल से लगभग 12.6 किमी की ऊँचाई पर लगभग 167 किमी, घंटा की गति से उपोष्ण पश्चिमी जेट स्ट्रीम हवाएँ बह रही है।

एक नया पश्चिमी विक्षोभ आज से पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र को प्रभावित करने की संभावना है।इसके अलावा 11 मार्च तक जिले में दिन का तापमान 35 से 36 डिग्री सेल्सियस और रात का पारा 17 से 18 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने की संभावना है।

आने वाले दो हफ्तों में वर्षा नहीं होने और दिन एवं रात के तापमान सामान्य से ज्यादा रहने की संभावना है।

भरपूर पानी पिएं, सीधे धूप में रहने से बचे

गर्मी को देखते हुए मौसम विभाग ने सुझाव जारी किए है। मौसम विभाग की अपील है कि दिनभर पर्याप्त मात्रा में पानी पिएँ और शरीर को हाइड्रेट रखें। इसके साथ ही सीधे धूप में रहने से बचने की सलाह दी है। साथ ही हल्के वजनी, हल्के रंग और ढीले सूती कपड़े पहनें और बच्चों और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखने की सलह दी है।

ऐसा रहा तापमान

रविवार को अधिकतम तापमान 34.4 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 3 डिग्री अधिक रहा। न्यूनतम तापमान 17.4 डिग्री रिकॉर्ड किया गया जो सामान्य से 1 डिग्री अधिक रहा। सुबह के वक्त आद्रता 67 और शाम को 30 प्रतिशत दर्ज की गई। उत्तर-पूर्व हवाएं 4 किमी प्रतिघंटा की रफ्तारी से चली।

पिसनहारी मढ़िया में हथियारों से लैस दो पक्ष भिड़े

नवभारत, जबलपुर। गढ़ा थाना अंतर्गत कोरी मोहल्ला पिसनहारी मढ़िया में हथियारों से लैस दो पक्ष भिड़ गए। चाकू के साथ डंडे चले। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर केस दर्ज कर लिया है । पुलिस ने बताया कि कोरी मोहल्ला निवासी शुभम के .सी. कोरी (30) पेशे से अधिवक्ता हैं, बीती रात करीब 9:20 बजे जब वे अपने कार्यालय से घर लौट रहे थे, तब नितिन और हरिशंकर ने उन्हें रोका। आरोपियों ने मोहल्ले की पाइपलाइन ठीक न होने का कहते हुए पार्षद को अपशब्द कहे और शुभम से शराब के लिए 2 हजार रुपये की मांग की। मना करने पर आरोपियों ने उनके साथ मारपीट की। हरिशंकर ने चाकू निकालकर जान से मारने की कोशिश की, लेकिन शुभम किसी तरह बचकर वहां से निकले। दूसरी ओर हरिशंकर उर्फ अन्नू कोरी (39) ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रात करीब 9:30 बजे उसके घर के सामने किसी और की मोटरसाइकिल खड़ी थी। इसी दौरान शुभम वहां आए और गाड़ी हटाने को लेकर विवाद करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर शुभम ने घर से डंडा लाकर हरिशंकर पर हमला कर दिया, जिससे उसके बाएं पैर की जांघ में गंभीर चोट आई है।

एनीमिया जागरूकता अभियान में शामिल हुए चिकित्सक

नवभारत,जबलपुर। समाज में एनीमिया के प्रति जागरूकता लाने के उद्देश्य से 12 दिवसीय एनीमिया जागरूकता रथ अभियान का आयोजन इंदौर में हुआ। अभियान को राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अभियान में शहर से होम्योपैथिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ इंडिया राज्य शाखा के पदाधिकारी भी शामिल हुए। प्रांतीय अध्यक्ष डॉ. आर के गुप्ता ने बताया कि

राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य डॉ. एके द्विवेदी के मार्गदर्शन में आयोजित जागरूकता अभियान में उनके अलावा शहर से डॉ. आरके चतुर्वेदी, डॉ. अवधेश भट्ट, डॉ. आयशा अली, डॉ. तुलाराम लढिया, डॉ. रविशंकर नामदेव, डॉ. वीरेंद्र साहू, डॉ. विकाश विश्वकर्मा, डॉ. प्रवीन जाट, डॉ. भरत पवार, डॉ. ऋषि सिंह शामिल हुए। इस मौके पर डॉ. द्विवेदी ने कहा कि होम्योपैथिक चिकित्सा के माध्यम से अप्लास्टिक एनीमिया जैसे गंभीर रोगों के अनेक मरीजों को स्वास्थ्य लाभ प्राप्त हुआ है। इस अभियान के अंतर्गत होम्योपैथिक चिकित्सा के छात्र-छात्राओं की टीम ने घर-घर जाकर लगभग 20 लाख नागरिकों को एनीमिया के प्रति जागरूक किया तथा पोषण के सरल उपाय विशेषकर गुड़ एवं चने के सेवन की जानकारी दी।

26 लीटर शराब के साथ एक को दबोचा, दो फरार

जबलपुर। ग्वारीघाट पुलिस ने कालीधाम आश्रम के पीछे घेराबंदी कर एक आरोपी को 26 लीटर शराब के साथ पकड़ा है। जबकि दो फरार है। पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि कालीधाम आश्रम के पीछे दो युवक बोरियों में शराब रखकर ग्राहकों का इंतज़ार कर रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी। पुलिस को देखते ही दोनों आरोपी बोरियाँ छोड़कर भागने लगे। पुलिस ने एक आरोपी को घेराबंदी कर पकड़ लिया, जबकि उसका साथी झाड़ियों का फायदा उठाकर भाग निकला। पकड़े गए आरोपी प्रहलाद बर्मन (35) निवासी खिरका मोहल्ला, भटौली के के पास रखी दो बोरियों की तलाशी ली, तो उसमें से कच्ची शराब के 105 पाउच बरामद हुए। कुल 26.25 लीटर शराब जब्त की गई है, फरार आरोपी का नाम राजेन्द्र बर्मन बताया जा रहा है। आरोपी प्रहलाद ने पूछताछ में बताया कि वे खुद यह धंधा नहीं करते, बल्कि मोहल्ले के बिजय बर्मन के कहने पर शराब बेचते थे।

निरीक्षण स्वच्छता का धरातल पर निरीक्षण

कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण करने पहुंचे निगमायुक्त

नवभारत,जबलपुर। स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 के अंतर्गत शहर को स्वच्छता की रैंकिंग में शीर्ष पर लाने नगर निगम ने अपनी जमीनी सक्रियता बढ़ा दी है। इसी क्रम में रविवार को निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने संभाग क्रमांक 11 के अंतर्गत छुई खदान स्थित नवनिर्मित कचरा ट्रांसफर स्टेशन का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त ने कचरा प्रबंधन की पूरी प्रक्रिया को बारीकी से समझा। उन्होंने विशेष रूप से कचरा संग्रहण वाहनों डोर-टू-डोर कचरा गाड़ियों के आने और जाने के समय की जानकारी ली। साथ ही निगमायुक्त ने वाहनों के आवागमन के रिकॉर्ड की स्वयं जांच की ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कचरा संग्रहण कार्य निर्धारित समय सारणी के अनुसार हो रहा है। इस मौके पर निगमायुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि कचरे के निपटान में किसी भी प्रकार का विलंब न हो और डेटा प्रबंधन में पूर्ण पारदर्शिता बरती जाए।

सफाई संरक्षकों से किया संवाद

इस दौरान सख्ती के साथ-साथ निरीक्षण के दौरान निगमायुक्त का मानवीय चेहरा भी नजर आया। उन्होंने मौके पर मौजूद सफाई संरक्षकों से आत्मीयता से बातचीत की और उनका कुशलक्षेम पूछा। इस मौके पर कार्यपालन यंत्री जी एस मरावी,उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी पोला राव, मुख्य स्वच्छता निरीक्षक संतोष गौर आदि उपस्थित रहे।

संत अलॉयसियस कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस का आयोजन

नवभारत, जबलपुर। संत अलॉयसियस कॉलेज में राष्ट्रीय विज्ञान दिवस 2026 बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद, भोपाल के सहयोग से आयोजित यह कार्यक्रम विज्ञान संकाय द्वारा 26 फरवरी से 7 मार्च तक 'विज्ञान में महिलाएँ: विकसित भारत की उत्प्रेरक' विषय पर आयोजित किया गया। कार्यक्रमों का संचालन प्राचार्य डॉ. फादर बेन एंटन रोज, राष्ट्रीय विज्ञान दिवस की समन्वयक डॉ. अमिता छत्री तथा विज्ञान विभाग के अध्यक्ष एवं संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन में किया गया। लाइफ साइंस विभागों द्वारा विभिन्न रोचक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें हर्बल प्रोडक्ट प्रदर्शनी, ऑर्गेनिक प्रोडक्ट एक्सपो, रंगोली निर्माण, शार्क टैंक, स्लोगन लेखन तथा क्विज प्रतियोगिता शामिल थीं। इन कार्यक्रमों में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता, वैज्ञानिक जागरूकता तथा नवाचार का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

कैंट बोर्ड प्रशासन के खिलाफ घेराबंदी की तैयारी शुरू

बढ़ाए गए टैक्स, बाजार किराये को लेकर आक्रोश

12 मार्च को सीईओ को सौंपा जाएगा 7 सूत्रीय चेतावनी पत्र

नवभारत,जबलपुर। कैंट बोर्ड द्वारा सदर क्षेत्र में बढ़ाए गए टैक्स, बाजार किराया सहित अन्य समस्याओं के खिलाफ विरोध प्रदर्शन की तैयारियां शुरू होने लगीं हैं। जनप्रतिनिधियों के साथ अब कैंट के व्यापारी, आमजन व किसान शामिल हो गए हैं। जिसके तहत स्थानीय लोगों ने अपने आंदोलन को भव्य रूप देने छावनी जन आंदोलन समिति का गठन कर किया है।

जानकारी के अनुसार सदर गली नंबर 16 में नायडू टेंट हाउस के सामने छावनी जन आंदोलन समिति ने चौपाल लगाई जिसमें सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि 12 मार्च को दोपहर 12 बजे शिवाजी मैदान सदर में पहले सभी एकत्रित होंगे और फिर छावनी परिषद् के सीईओ को 7 सूत्रीय मांगों का चेतावनी पत्र सौंपने कैंट बोर्ड कार्यालय तरफ रूख किया जाएगा। चौपाल में ये भी बातें कहीं गईं कि समय रहते अगर उनकी मांगों को पूरा नहीं किया गया और कैंट क्षेत्र के व्यापारियों व आमजन को राहत नहीं दी गई तो कैंट बोर्ड प्रशासन के खिलाफ आंदोलन का शंखनाद जल्द कर दिया जाएगा। इस छावनी जन आंदोलन समिति में सभी राजनैतिक, समाजिक व अन्य संगठनों से जुड़े पदाधिकारी शामिल हैं।